स्वरोजगार हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पांच दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण बारे आमंत्रण

चौ.चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, गाँव सदलपुर, जिला-हिसार (हरियाणा) द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोजगार नवयुवक एवं युवतियों के लिए हिसार जिले में वर्ष 2023–24 के लिए पाँच दिवसीय तीन व्यवसायिक प्रशिक्षणों का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, गाँव सदलपुर, (हिसार), एवं हिसार में माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ बी.आर. काम्बोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व डॉ बलवान सिंह मण्डल, निदेशक विस्तार शिक्षा के मार्गदर्शन में किया जाएगा। केंद्र के मिख्या वैज्ञानिक डॉक्टर नरेदर कुमार ने बताया दो प्रशिक्षण बेकरी व मूल्य संवर्धन तथा एक प्रशिक्षण फल व सब्जी परिरक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमे बेरोजगार, अपाहिज, जरूरतमंद, बेसहारा, बी पी अल आदि को वरीयता दी जाएगी। एक ही परिवार से या पहले |प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति को दुबारा प्रशिक्षण नही दिया जाएगा |इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य इन लोगों के जीवन स्तर में सुधार एवं स्वयं रोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण से सम्बन्धित कुछ सामान्य ज्ञान आवश्यक है तथा स्वयं रोजगार अपनाने के लिए किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद स्वयं रोजगार हेतू कुछ सहायता सामग्री भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। प्रतिभागियों का चयन दिनांक 01 मार्च 2024 शुक्रवार को 11 बजे सुबह् कृषि विज्ञान केंद्र गाँव सदलपुर में किया जाएगा। अपना जाति प्रमाण पत्र आधार कार्ड , फॅमिली पह्चान पत्र, शिक्षा, ,प्रमाण पत्र 2 रंगीन फोटो बैंक पासबुक आदि मूल दस्तावेज ,1 फोटो कॉपी भी साथ साथ लाये । प्रशिक्षणार्थी की व्यक्तिगत उपस्थिति जरुरी है ।

With regards

नरेन्द्र कुमार
Coordinator
KVK Sadalpur (Hisar)